तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 20 जुलाई 2024

12 संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का हुआ चयन



11 जिले में शिशु संरक्षण माह शुरू





# मरम्मत के बाद भी पाररास बायपास अंडरब्रिज में पानी का रिसाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पाररास स्थित बायपास अंडर ब्रिज में बरसात के पूर्व पानी के रिसाव और गड्ढों की मरम्मत करने का कार्य किया गया था, लेकिन यह कार्य फिजूलखर्चा साबित हुआ।

बरसात के दिनों में पाररास अंडर ब्रिज में घुटने से ज्यादा पानी भराव की स्थिति निर्मित होती थी तथा गड्ढे भी बन चुके थे, जिसके कारण राहगिरों को आए दिन समस्याओं का सामना करना पड़ता था, जिसके चलते प्रशासन द्वारा लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवागमन सुदृढ़ करने के लिए अंडर ब्रिज को पिछले वर्ष पानी के रिसाव और गड्ढे की मरम्मत के लिए लाखों रूपये खर्च किए गए, लेकिन आज भी स्थिति पहले की तरह नजर आ रही है। जिसके कारण राहगीर परेशान नजर आ रहे हैं।

वहीं अंडर ब्रिज में किचड़ की स्थिति निर्मित हो गई है, जिससे आने जाने वाले राहगिरों में दुर्घटना की स्थिति निर्मित हो गई है और लोग कभी भी फिसलन के वजह से दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। ऐसे में लाखों की लागत से की गई मरम्मत कार्य पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं अंडर ब्रिज से ज्यादातर वाहन चालक ही पार करते नजर आते हैं। पैदल चलने वाले लोगों के लिए यह ब्रिज डर का कारण बना हुआ है, क्योंकि पानी का रिसाव जारी है और कीचड़ नजर आ रहा है जिसके कारण इसमें जहरीले जीव जन्तु का डर राहगीरों में बना रहता है।

### लाखों रुपए गए पानी में, पहले की तरह कीचड़मय हुआ



### अंडर ब्रिज में गुजरने से पहले राहगीर सावधान रहें

पाररास अंडर ब्रिज में किचड़ होने के कारण राहगिरों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किचड़ को देख स्कूलों में पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं को अपने स्कूल ड्रेस की चिंता सताती है कि यदि वे इस गंदगी से भरे पानी की चपेट में आ जाएंगे तो उनके कपड़े खराब हो जाएंगे। वहीं कीचड़ में सांप बिच्छू भी लोगों के लिए जान का दुश्मन बनकर नजर आने लगा है, इसलिए लोगों को पाररास अंडर ब्रिज में गुजरने से पहले डर का सामना करना पड़ता है।

## हादसा : जिले में अलग-अलग मामले में दो किसान की मौत

# गाज गिरने से मोबाइल में हुआ ब्लास्ट और चली गई जान, पेड़ के नीचे बैठे किसान की भी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आकाशीय बिजली गिरने से दो अलग अलग गांव मे बिजली गिरने से दो किसानों की मौत हुई है। दोनों ही किसान अपने खेतों में काम करने के बारिश में फंस गए और आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए।

■ खेतों में काम करने गए थे, इस दौरान आए चपेट में

घटना शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे से 6 बजे की बीच अलग अलग गांवों की है। जानकारी के अनुसार ग्राम सेम्हरकोना निवासी शुकलाल 45 वर्ष बारिश होने के कारण गांव के ही पीपल पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। इस दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया, जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना ग्राम लिमोरा की है। जहां किसान धरमु साहू 50 वर्ष अपनी पत्नी के साथ खेत में काम कर वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान गांव के ही तालाब पार के पास आकाशीय बिजली गिरने से किसान का मोबाइल ब्लास्ट हो गया और मौके पर ही किसान की मौत हो गई। दोनों मृतकों के शव का शनिवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा।



### आंधी-बारिश के दौरान बरतें सावधानी

आपको बता दें कि जिले में मानसून लगते ही आकाशीय बिजली गिरने और उससे लोगों की मौत होने की खबर लगातार सामने आ रही है। इससे पहले भी जिले के अलग- अलग गांवों में घटना हो चुकी है, जिसमें लोगों ने अपनी जान गंवाई है। बारिश होने के दौरान अगर आप घर से बाहर हैं तो मोबाइल को बंद करके चले या फिर कहीं सुरक्षित स्थान पर रुक जाए। इसके साथ ही पेड़ के नीचे खड़े होने से बचे ताकि आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बचा जा सके।

अब तक 272 बालिकाओं ने अलग-अलग संकाय में लिया प्रवेश

# जिले में बालिकाओं के लिए शुरू हुआ कन्या कॉलेज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय में अब बालिकाओं के लिए कन्या कॉलेज का शुभारंभ हो चुका है। इसके तहत भक्त माता कर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2022 में इसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, जो अब वर्ष 2024 में पूरी तरह बनकर तैयार है और पढ़ाई सत्र का प्रारंभ भी होने वाला है। इसके लिए प्रशासन द्वारा भवन निर्माण के लिए 4 करोड़ 55 लाख 56 हजार की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। जिले की बालिकाओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा महिला कॉलेज की घोषणा सरकार की ओर से की गई थी। इसके बाद लोक निर्माण विभाग की ओर से महिला कॉलेज निर्माण के लिए निविदा निकाली गई और उक्त निर्माण एजेंसी को समयावधि में कार्य पूर्ण करने की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन कई माह बीत जाने के बावजूद निर्माण एजेसी द्वारा पूरा नहीं किया गया। इसके बाद हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशन के बाद कार्य में तेजी आई थी जो अब पूरी तरह बनकर तैयार है।

### हास्टल की सुविधा भी मिलेगी

जिले की बालिकाओं को एक अलग भवन पढ़ाई के लिए मिलेगा, जिससे बालिकाओं के बौद्धिक और शैक्षणिक विकास के साथ ही खेल कूद की दिशा में एक अलग पहचान कन्या महाविद्यालय के रूप में मिलेगी। इसके साथ ही बालिकाओं के रहने के लिए हास्टल की सुविधा उपलब्ध होगी। हालांकि वर्तमान में हॉस्टल भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है, लेकिन कॉलेज भवन बनकर तैयार है, जहां बच्चों के लिए पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है और प्रवेश प्रक्रिया के तहत ओपन काउसिलिंग 15 से 23 जुलाई तक जारी है। वर्तमान में बीए प्रथम 26, बीए द्वितीय 36, तृतीय में 22 बालिकाओ ने प्रवेश लिया है, वहीं बीएससी बायो प्रथम में 42, द्वितीय 61, तृतीय में 43 बालिकाओं ने प्रवेश लिया है। बीकॉम प्रथम में 13, द्वितीय में 08, तृतीय में 04 बालिकाओं ने प्रवेश लिया है। बीएससी मैथ्स प्रथम में 10, द्वितीय में 2, तृतीय में 5 बालिकाओ ने प्रवेश लिया है। हालांकि यह संख्या आगामी दिनों में और भी बढ़ सकती है, क्योंकि 23 जुलाई तक ओपन काउसलिंग प्रकिया जारी है।

## खबर संक्षेप

### श्री विष्णुधाम मंदिर ओटेबंद में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 को

**अंडा।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई को श्री विष्णुधाम मंदिर ओटेबंद में मनाया जाएगा। सद्गुरुदेव गुरुपूर्णिमा 21 जुलाई को महोत्सव गुरुपूजन एवं मंत्रदीक्षा संस्कार 8 बजे से महाप्रसाद दोपहर 11:30 बजे से आगमन तक कार्यक्रम स्थल में होगा। श्री विष्णु धाम मन्दिर ओटेबंद बगिचा आचार्य आशीष कृष्ण महाराज व्यास आश्रम, रामनगर कालौनी श्रीधाम वृन्दावन मथुरा के होंगे। यह जानकारी रोहित चंद्राकर ने दी।

### अंजोरा बाइपासः 30 फीट ऊंचाई से गिरी कार

**भिलाई।** बाइपास में तीस फीट उंचाई से कार नीचे गिरने पर युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है। जिसे आसपास के लोगो ने उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है। घटना सुपेला थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना स्टील कॉलोनी के पास की है। बाइपास से तेज रफ्तार कार सीजी 012 डी 8770 राजनांदगांव की ओर जा रही थी। तभी बोगदा पुल के पास तीस फीट की हाइट से कार नीचे गिर गई। कार को अनुष्ठा रेसीडेंसी निवासी पार्थ दुबे चला रहा था। घटना को सुबह मॉर्निंग वाक के लिए निकले लोगो ने पुलिस को सचना दी। जैसे ही कार नीचे गिरा तो लोगों की भीड़ उसे देखने लग गई। कार को एक युवक चला रहा था जिसे गंभीर चोटे आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को गाड़ी से बाहर निकालकर अस्पताल भेज दिया है।

### बदमाश मोबाइल टॉवर में चढ़ाकर किया हंगामा

**भिलाई।** पुलिस के डर से निगरानीशुदा बदमाश मोबाइल टॉवर में चढ़ गया था। लेकिन कुछ घंटों बाद युवक टावर से उतर गया। मिली जानकारी के मुताबिक वैशाली नगर वार्ड 20 बाबा दीप सिंह नगर निवासी राहुल बंसोड़ उर्फ दद्दु नामक युवक मोबाइल टॉवर में चढ़ गया था। गुरुवार दोपहर से युवक टॉवर पर चढ़ा हुआ था। युवक से पूछने पर कह रहा था कि पुलिस उसे फर्जी केस में फंसाना चाहती है। पुलिस के डर से जियो के टॉवर में चढ़ गया। राहुल के घर सुबह पुलिस पहुंची थी। उस समय वह घर पर नहीं था। जब राहुल घर वापस आया तो परिजनों ने पुलिस आने की जानकारी उसे दिया। जिओ के टॉवर में चढ़कर राहुल सभी से मोबाइल पर बात कर रहा था। लेकिन नीचे उतरने से लोगों को मना किया। वैशाली नगर थाना प्रभारी ममता अली शर्मा ने बताया कि राहुल निगरानीशुदा बदमाश है। उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

### फैक्ट्री में रखे टाइटेनियम में लगी आग

**भिलाई।** इंडस्ट्रियल एरिया जामुल में अचानक शिवम हाईटेक फैक्ट्री में आग लग जाने से लोगों में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलने पर जामुल पुलिस, फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुची। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है। मिली जानकारी के मुताबिक शिवम हाईटेक के भीतर काफी मात्रा में टाइटेनियम धातु रखी थी। आग को बुझाने दमकल की वाहने मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग तब तक नहीं बुझी जब तक की पूरा टाइटेनियम जल नहीं गया। गाड़ियां जितना पानी मार रही थी।

# वन महोत्सव में किया गया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

वन विभाग जिला के द्वारा कलेक्टोरेट मार्ग सिवनी के रिजर्व फॉरेस्ट क्रमांक 248 के वन भूमि में जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे, उप प्रबंध संचालक तेंदूपत्ता संग्रहण एमएस डोंगरे जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष सुचित्र साहू, उप वनमण्डलाधिकारी डिम्पी बैस एवं जेएल सिन्हा, जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर रेंज ऑफिसर जेएल भोंडेकर, रामनाथ टेकाम, आरपी मण्डावी सहित वन विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों, जन प्रतिनिधियों एवं स्कूली बच्चों एवं आम नागरिकों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौध रोपण किया। इस दौरान कलेक्टर, एसपी, वनमण्डलाधिकारी एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारियों ने सेल्फी जोन में सेल्फी भी ली। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने उपस्थित लोगों को संपूर्ण जीव–जगत के लिए पेड़–पौधों की महत्व की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा रोपे गए पौधे की सुरक्षा हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

■ एक पेड़ माँ के नाम अभियान में जनप्रतिनिधि व अफसरों ने लगाए पौधे

# पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सरोज नंददास बालोद ने आरोपी कुलदीप मालेकर उम्र 25 वर्ष, निवासी वार्ड 5 टिकरापारा डौण्डी लोहारा, थाना- डौ ण डी लो हा रा , जिला- बालोद को धारा 302 के आरोप में आजीवन कारावास व 1000 रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। व्यतिक्रम पर एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास से दण्डित किया गया। अभियोजन की ओर से प्रकरण की पैरवी चित्रांगद देशमुख, अतिरिक्त लोक अभियोजक ने की।

■ डौंडीलोहारा नगर में हुई थी वारदात

न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार घटना दिनांक 31/08/2019 को हिंसूराम थाना डौण्डीलोहारा में जानकारी दी कि उसका दामाद कुलदीप मालेकर उसे फोन से सूचना दिया है कि आपकी लड़की श्रीमती मालेश्वरी मालेकर बातचीत नहीं कर रही है, हाथ-पैर नहीं हिला रही है। इलाज के लिए शास अस्पताल डौण्डीलोहारा ले गये हैं, तुम लोग जल्दी आओ। तब वह अपनी पत्नी संतकुमारी के साथ डौण्डीलोहारा अपनी बेटी के घर गया तो ▶▶| शेष पेज 11 पर



### क्या था पूरा मामला

30 अगस्त 2019 का नवविवाहिता मालेश्वरी मालेकर (25) की मौत हुई थी, जिस कर मामले में हत्या का मामला दर्ज किया गया। विचारण के दौरान खुलासा किया था जिसमें पता चला कि मालेश्वरी की सामान्य मौत नहीं बल्कि उनके पति कुलदीप मालेकर ने स्कार्फ से गला घोंटकर हत्या की थी। उस समय आरोप लगे थे कि पति कुलदीप (25) सहित सास उषा बाई (44) व ससुर अमोल मालेकर (48) तीनों मालेश्वरी को दहेज के नाम पर प्रताड़ित करते थे। फॉरेंसिक जांच में मामला संदिग्ध होने के बाद बारीकी से जांच हुई तो हत्या का खुलासा हुआ था।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# दो पक्षों में मारपीट, थाना पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

स्थानीय कलंगपुर बस स्टैंड के पास गुरुवार को शाम लगभग 7.30 बजे वर्तमान सरपंच पति गोविंद राम सिन्हा एवं पूर्व सरपंच ज्ञानेश्वर साहू के बीच मारपीट का मामला थाना रनचिराई में दर्ज किया गया है, जहां दोनों पक्षों पर धारा 34 लागू कर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना रनचिराई से मिली जानकारी के अनुसार उक्त विवाद गांव में हो रहे अतिक्रमण के चलते हुआ। बताया गया कि वर्तमान सरपंच पुष्पा सिन्हा द्वारा मकान निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों के शिकायत के बाद उक्त मकान में तहसील न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी कर कार्य पर रोक लगा दिया गया है, जिसके विवाद के चलते दोनों के बीच गाली गलौज व मारपीट की घटना हुई। घटना के दौरान महिला सरपंच पुष्पा सिन्हा भी अपने पति के साथ बस स्टैंड पर मौजूद थीं, जहां विवाद के बीच झूमाझपटी ▶▶| शेष पेज 11 पर



**खबर संक्षेप**

### लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष भूपेश ने लगाई याचिका

**रायपुर।** राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय पर महादेव सट्टा एप को लेकर लोकसभा में गलतबयानी का



आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के समक्ष याचिका प्रस्तुत की है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि न्याय मिलेगा और सांसद अपने बयान के साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के वकील सुमीर सोढ़ी ने भूपेश बघेल की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पत्र लिखकर सांसद संतोष पांडेय द्वारा 2 जुलाई को सदन में महादेव सट्टा एप को लेकर दिए गए बयान के संबंध में एक याचिका प्रस्तुत की है।

### कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई में भूपेश पड़े अलग-थलग

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस पार्टी में मचे घमासान के चलते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अलग-थलग पड़ गए हैं।



सत्ता में रहते हुए सत्ता व संगठन में तालमेल नहीं रहने के कारण कांग्रेस पहले भी कई गुटों में बंटी नजर आ रही थी और हालात आज भी वही, या कहें कि उससे भी बदतर हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा, विधानसभा और लोकसभा चुनावों में करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस की यह अंदरूनी तकरार अब मौके-बेमौके खुलकर सामने आ रही है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, सत्ताकाल के दौरान तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम और तत्कालीन मुख्यमंत्री बघेल के बीच की अंतर्कलह हो या फिर जयसिंह अग्रवाल के साथ मनभेद हो, आज के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मंत्री कवासी लखमा का मनमुटाव हो, कांग्रेस संघर्ष से उबरने का नाम ही नहीं ले रही है।

### अंतर्राज्यीय गैंगस्टर राज्य में पैर पसार रहे सरकार बनी मूकदर्शक

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा और सरकार में बैठे हुये लोगों को कानून व्यवस्था ठीक लग रही है। बलात्कार, लूट, चाकूबाजी, चेन स्नेचिंग, गुंडागर्दी की खबरें रोज आ रही हैं। गैंगवार हो रहे हैं, दिन दहाड़े गोलियां चल रही हैं।



भाजपाई दृष्टिदोष का शिकार हो गये हैं। उन्हें आम आदमी की परेशानी दिखाई नहीं पड़ रही है। अंतर्राज्यीय गैंगस्टर राज्य मे पैर पसार रहे हैं, सरकार है कि मूकदर्शक बनी हुई है। अवैध कारोबार, भू-माफिया, रेत माफिया, गांजा और ड्रग्स तस्कर, मानव तस्करों का बोलबाला था। आज फिर वही स्थिति निर्मित हो गई है। कांग्रेस सरकार में जो मजबूत कानून व्यवस्था थी, उसे 6 महीने में ही साय सरकार ने पलीता लगा दिया है।

### आरंग मामले में अपराधियों को बचाने आरोपपत्र में लीपापोती : कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, आरंग के मामले में पुलिस ने अपराधियों को बचाने आरोपपत्र में लीपा पोती की है। मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिये। भाजपा सरकार की नीयत शुरू से आरोपियों को बचाने की



थी, पहले हत्या के बदले सदोष मानव वध का मुकदमा दर्ज किया गया, अब आरोपपत्र में पुल से कूदने के कारण घायल होकर मौत होना बताया गया है। पुलिस के आरोपपत्र से साफ हो गया है कि भाजपा सरकार हत्या जैसे घिनौने क्रूर अपराध के आरोपियों को बचाना चाहती है। दहशत गर्दों ने सरेआम कुछ लोगों पर लाठियों, डंडों और धारदार हथियार से हमला बोला था, जिनमें तीन की जान गयी। गंभीर आपराधिक मामले में पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ हत्या को मुकदमा दर्ज करने के बजाय सदोष मानव वध का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा आरोपपत्र में पुल से कूदने से मौत बताकर अपराधियों को कोर्ट से छूट जाने का रास्ता तैयार किया गया है।

# वनाधिकार पट्टाधारी की मौत के बाद वारिसानों को हस्तांतरण की प्रक्रिया तय

**कैबिनेट की बैठक में लिया गया था फैसला, राजस्व और वन विभाग करेंगे हस्तांतरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में वनाधिकार पट्टाधारियों की मौत के बाद उनके वारिसानों को काबिज भूमि के हस्तांतरण संबंधी प्रक्रिया राज्य सरकार ने तय कर दी है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस संबंध में नीतिगत निर्णय लिया गया था। इस सरकार ने क्रियान्वयन करते हुए प्रक्रिया तय की है। विधिक वारिसान द्वारा काबिज वन भूमि जिस विभाग के अभिलेखों में दर्ज है, उसके आधार पर आवेदन संबंधित विभाग के अधिकारी तहसीलदार (राजस्व विभाग) या रेंज ऑफिसर (वन विभाग को प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद संबंधित विभागीय अधिकारी द्वारा आगे की कार्यवाही तय की जाएगी। वन अधिकार मान्यता पत्रधारक का निधन होने पर कैफियत कालम में दर्ज संशोधन पर राजस्व विभाग और वन विभाग किस प्रकार काम करेंगे ये तय किया गया है। वन अधिकार पत्र धारी के विधिक वारिसान द्वारा फौती नामांतरण, संशोधन के लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन तथा घोषणा पत्र (राजस्व विभाग) तहसीलदार को प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें वन अधिकार पत्र धारक का मृत्यु प्रमाणपत्र, या ग्राम पंचायत, ग्राम सभा का मृत्यु के संबंध में प्रमाणपत्र, सभी वारिसानों का आधार, वोटर आईडी एवं मोबाईल नंबर देना होगा। यदि भूमि वन विभाग के अभिलेख में दर्ज है तो यही दस्तावेज वन विभाग के रेंज आफिसर के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे।



### ऐसे जारी होगी ऋण वनाधिकार पुस्तिका

राजस्व विभाग के अभिलेख में वनाधिकार पत्र होने की स्थिति में विधिक वारिसान का नाम दर्ज करने के लिए छग भू-राजस्व संहित 1959 की धारा 110 की भांति प्रकरण दर्ज किया जाकर धारा 110 के अधीन बने नियमों का पालन करते हुए प्रकरण का निराकरण समय सीमा में किया जाएगा। मूल रूप से जारी वन अधिकार पत्र की स्व प्रमाणित सत्यापित छायाप्रति एवं वन अधिकार पुस्तिका प्रकरण के साथ संलग्न किया जाएगा तथा परीक्षण के बाद वन अधिकार पुस्तिका में फौती नामांतरण का इंद्राज किया जाएगा। वारिसानों को संशोधित वनअधिकार पुस्तिका जारी की जाएगी। ऐसे प्रकरणों में तहसील द्वारा पारित आदेश के तहत वन अधिकार पुस्तिका एवं राजस्व अभिलेख (अधिकार अभिलेख) को अपडेट किया जाएगा। यह कार्यवाही तीन माह में पूरी होगी। यदि वनाधिकार पत्र वन विभाग के अभिलेख में दर्ज है, तो विधिक वारिसान को वनाधिकार पत्र की स्वप्रमाणित प्रति एवं वन अधिकार पुस्तिका रेंज अफसर को प्रस्तुत की जाएगी। इसके परीक्षण के बाद 30 दिनों में आदेश पारित किया जाएगा तथा वन अधिकार पुस्तिका में फौती नामांतरण का इंद्राज किया जाएगा। रेंज ऑफिसर द्वारा पारित आदेश के तहत वन अधिकार पुस्तिका एवं वन अभिलेखों को अपडेट किया जाएगा। यह कार्यवाही 30 दिनों में पूरी होगी। विवादित प्रकरणों में अनुविभागीय अधिकारी वन द्वारा संबंधित पक्षकारों की सुनवाई के बाद पारित आदेश अनुसार रेंजर द्वारा नामांतरण की कार्यवाही की जाएगी।

### नगरीय निकाय चुनाव के लिए कमजोर बूथों को किया जाएगा मजबूत

# भाजपा की 70 फीसदी बूथ की कुंडली तैयार माह के अंत तक सभी की बन जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने अभी से तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसके लिए भाजपा के प्रदेश संगठन ने लोकसभा चुनाव में एक-एक बूथ में मिले मतों को लेकर रिपोर्ट बनाने का काम प्रारंभ किया है। इसके लिए विधानसभा और जिलेवार एक-एक नेता को जिम्मा दिया गया है। जहां रायपुर का जिम्मा पूर्व सांसद चंदूलाल साहू को दिया गया है, वहीं महासमुंद का जिम्मा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव को दिया गया है। सभी जिम्मेदार नेता अपने-अपने जिलों में बैठकें लेकर बूथों की रिपोर्ट बनवाने का काम कर रहे हैं। अब तक 70 फीसदी विधानसभाओं में बैठकें हो गई हैं, बूथों की कुंडली तैयार हो गई है। राजधानी रायपुर की चार विधानसभाओं में गिनती के ही बूथ कमजोर पाए गए हैं, जहां पर कम मत मिले हैं, अन्यथा हर बूथ में भाजपा को लोकसभा के चुनाव में बढ़त मिली है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा के हाथ 11 में से 10 सीटें लगी हैं। इतना सब होने के बाद भी भाजपा प्रदेश ने हर लोकसभा का विश्लेषण कराने का काम प्रारंभ किया है। इसके पीछे सबसे कारण आने वाले समय में होने वाला नगरीय निकाय चुनाव है। भाजपा अब अपनी पूरी ताकत नगरीय निकाय चुनाव में झोंकने की तैयारी में है। प्रदेश कार्यसमिति में इसको लेकर चर्चा की गई है।



### 70 फीसदी में बैठकें हो चुकीं

प्रदेश की 90 विधानसभाओं में से 70 फीसदी में बैठकें हो गई हैं। बूथों की जानकारी भी आ रही है। इस माह के अंत तक बैठकें पूरी हो जाएंगी और बूथों की जानकारी भी आ जाएगी।

**- संजय श्रीवास्तव**
प्रदेश महामंत्री भाजपा

### राजधानी के बूथ मजबूत

राजधानी रायपुर की चार विधानसभाओं का जिम्मा पूर्व सांसद चंदूलाल साहू को दिया गया है। इन विधानसभाओं के हर बूथ की कुंडली बनाने का काम हो गया है। इसकी रिपोर्ट भी लगातार मिल रही है। श्री साहू के मुताबिक लोकसभा चुनाव में भाजपा को राजधानी की चारों विधानसभाओं के ज्यादातर बूथों में बढ़त ही मिली है। कुछ ही बूथ ऐसे हैं जहां पर बढ़त नहीं मिली है। इसके पीछे का कारण देखा जा रहा है। इन बूथों को भी मजबूत किया जाएगा। आने वाले समय में बैठक होगी तो इस बूथों को लेकर रणनीति बनेगी।

### कमजोर बूथों पर नजरें

प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं। लोकसभा चुनाव में किस बूथ में कितने मत मिले हैं इसको लेकर पूरी जानकारी एकत्रित की जा रही है। प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों के साथ पूर्व सांसद, विधायक और अन्य नेताओं को एक-एक जिला देकर उनसे बैठकें लेने कहा गया है। सभी नेता बैठकें लेने में जुट गए हैं। प्रदेश संगठन के महामंत्री संजय श्रीवास्तव को महासमुंद जिला मिला है। इस जिले की लोकसभा की विधानसभाओं के एक-एक बूथ की कुंडली बनाने का काम करने के लिए बैठक ली गई है। इसी तरह से हर लोकसभा के विधानसभाओं के बूथों की कुंडली तैयार की जा रही है। इसमें देखा जा रहा है कि किस बूथ में कितने वोट मिले हैं। जिन बूथों में कम वोट मिले हैं, उनकी सूची बनाकर संगठन के सामने रखी जाएगी। इसी के साथ यह रिपोर्ट भी रखी जाएगी कि बूथों में कम वोट मिलने का कारण क्या रहा है। इसके बाद इन बूथों की कमियों को दूर करते हुए बूथों को मजबूत करने का काम किया जाएगा, ताकि नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को परेशानी न हो।

### शहरी आजीविका मिशन

# छत्तीसगढ़ को मिले पांच राष्ट्रीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्यों के लिए आज नई दिल्ली में प्रदान किए गए 'स्पार्क' पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ का दबदबा रहा। राज्य को इसमें विभिन्न श्रेणियों में पांच पुरस्कार मिले। प्रदेश के तीन शहरों को अपनी-अपनी श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार, एक नगरीय निकाय को द्वितीय पुरस्कार और राज्य स्तरीय पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और राज्यमंत्री तोखन साहू ने नई दिल्ली के इंडिया हैबिटॉट सेंटर में आयोजित समारोह में ये पुरस्कार वितरित किए। छत्तीसगढ़ से गए 20 अधिकारियों और लाभार्थियों की टीम ने अपने-अपने निकायों की ओर से ये पुरस्कार ग्रहण किए।



### ये निकाय हुए पुरस्कृत

दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले प्रतिष्ठित 'स्पार्क 2023-24' पुरस्कारों के अंतर्गत दस लाख तक जनसंख्या श्रेणी में बिलासपुर नगर निगम को पूरे देश में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं तीन लाख तक जनसंख्या श्रेणी में रायगढ़ नगर निगम को और एक लाख तक जनसंख्या श्रेणी में भाटापारा नगर पालिका को पूरे देश में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। चांपा नगर पालिका को 50 हजार तक जनसंख्या श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार मिला। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में श्रेष्ठ कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को पूरे देश में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

### साय, साव ने दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि के लिए सूडा और चारों नगरीय निकायों की टीम के साथ ही प्रदेशवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रदत्त ये पुरस्कार राज्य के लिए सम्मान का विषय है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने भी सूडा और पुरस्कार के लिए चयनित नगरीय निकायों को बधाई दी है।

# घायल जवानों से सीएम साय ने की मुलाकात, बढ़ाया हौसला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिल्ली दौरे से लौटने के तुरंत बाद बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में घायल एसटीएफ के 4 जवानों का कुशलक्षेम पूछने रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल पहुंचे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा भी साथ थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने घायल जवानों का हालचाल जाना और उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर इलाज के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने जवानों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए दो जवानों को नमन करते हुए कहा कि हम माओवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरी मजबूती के साथ डटे हुए हैं। उन्होंने घायल जवानों के अदम्य साहस की प्रशंसा की और उनका मनोबल बढ़ाया।

### डिप्टी सीएम नहीं मनाएंगे जन्मदिन

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा इस दर्दनाक घटना से आहत हैं। उन्होंने 19 जुलाई को अपना जन्मदिन नहीं मनाने का फैसला किया है। उन्होंने अपने सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से भी अपील की है कि आज जब उनके भाई शहीद हुए हैं, तब उनका मन आहत व व्यथित है।

# प्रदूषण से हताश ग्रामीण सड़क पर उतरे प्रबंधन ने मांगी 15 दिन की मोहलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम रसमडा में स्थित सुविधि इस्पात फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदुषण को लेकर ग्रामीणों ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीण सहित जनप्रतिनिधि इस बार सडक पर उतरकर प्रशासन और शासन के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि, जनदर्शन में लिखित शिकायत किए जाने के बाद भी रास्ता नही निकाला गया। हांलाकि फैक्ट्री प्रबंधन ने इस समस्या से निपटने ग्रामीणों से पन्द्रह दिन का समय मांगकर उन्हें आश्वासन दिया है।

रसमडा में लगातार औद्योगिक प्रदूषण को लेकर ग्रामीण परेशान है। गुरूवार को ग्रामीण फिर बिफर पड़े। दो सप्ताह पहले पूर्व सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। मगर शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर आज सरपंच, जनपद सदस्य व ग्रामीण उद्योग के सामने धरने पर बैठ गए। तब कहीं प्रशासनिक अधिकारियों के बीच हलचल मची और मौके पर पहुंचे। सुबह 8 बजे सरपंच ममता साहू, जनपद सदस्य अजय वैष्णव एवं ग्रामीण प्रदूषण बंद करने की मांग को लेकर ग्राम में संचालित सुविधि इस्पात के गेट के सामने बैठ गए। इससे वहां जनरल शिफ्ट के कर्मचारी उद्योग के अंदर नहीं जा पाए। इसकी सूचना मिलने पर एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी दोपहर साढ़े बारह बजे मौके पर पहुंचे। वहीं दोपहर 1 बजे क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर भी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने उद्योग प्रबंधन एवं ग्रामीणों से चर्चा की। जनपद सदस्य अजय वैष्णव एवं सरपंच प्रतिनिधि भागवत साहू ने बताया कि, लगभग एक माह से सुविधि इस्पात का प्रदूषण बस्ती तक पहुंच रहा है। श्री साहू ने कहा कि, ग्राम पंचायत द्वारा उद्योग प्रबंधन को पत्र लिखा था, वहीं बस्ती वालों ने भी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। मगर प्रदूषण फिर भी कम नहीं होने से ग्रामीण त्रस्त है।

# मूणत विधायक निधि का पूरा पैसा रायपुर पशिचम के स्कूलों के विकास में लगाएंगे

**सरकारी स्कूलों को प्राइवेट जैसा बनाने की योजना**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मंत्री और विधायक राजेश मूणत ने अपने विधानसभा क्षेत्र रायपुर पश्चिम में सरकारी स्कूलों की तस्वीर बदलने की मुहिम तेज करते हुए गुरुवार को बड़ी घोषणा की है। सरोना स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव पर पहुंचे श्री मूणत ने ऐलान किया कि उनकी विधायक निधि का पूरा पैसा रायपुर पश्चिम के सरकारी स्कूलों के कायाकल्प पर खर्च किया जाएगा, ताकि यहां के सरकारी स्कूलों की सुविधाएं प्राइवेट जैसी की जा सकें।

सरोना स्कूल में बच्चों की बुनियादी आवश्कताओं और सुविधाओं के लिए उन्होंने शेड निर्माण के लिए विधायक निधि से 25 लाख रुपए, लैब बनाने के लिए 10 लाख रुपए , क्लासरूम में टाइल्स लगाने के लिए 5 लाख रुपए, कंप्यूटर खरीदने के लिए 5 लाख रुपए तथा पूरे स्कूल परिसर में पेवर ब्लाक लगाने के लिए भी 5 लाख रुपए की घोषणा भी की। श्री मूणत ने अपने विधानसभा क्षेत्र में अभी सरकारी स्कूलों को प्राइवेट की तरह डेवलप करने का मिशन छेड़ रखा है। इसके तहत वे पिछले कई दिनों से हफ्ते में चार-पांच दिन अलग-अलग स्कूलों में पहुंच रहे हैं, और वहां की जरूरतों का पता लगा रहे हैं। यह भी देख रहे हैं कि पानी, बिजली, खेल मैदान, बाउंड्रीवाल, टायलेट, क्लासरूम और फर्नीचर में से ऐसी कौन सी सुविधाएं हैं, जिनकी स्कूल में कमी है, जिसे तुरंत पूरा करने की जरूरत है। इन जरूरतों को वहीं सूचीबद्ध करके श्री मूणत विधायक निधि से तुरंत फंड की घोषणा भी कर रहे हैं। श्री मूणत का मकसद रायपुर पश्चिम के सभी सरकारी स्कूलों को युद्धस्तर पर इसी सत्र में ऐसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, जैसी प्राइवेट स्कूल दे रहे हैं।

# जैतखाम तोड़े जाने की न्यायिक जांच शुरू, आयोग के अध्यक्ष पहुंचे घटनास्थल, किया निरीक्षण

**बलौदाबाजार कलेक्टर-एसपी से ली घटना के संबंध में जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमर गुफा में जैतखाम तोड़े जाने की जांच औपचारिक तौर पर आज से शुरू हो गई है। घटना की जांच करने न्यायिक आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश सीबी बाजपेयी बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से घटना के संबध में विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर पहुंचकर अपर कलेक्टर कार्यालय में दस्तावेज देखे एवं अपर कलेक्टर को तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इसके बाद श्री बाजपेयी ने ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में स्थित जैतखाम तोड़े जाने वाले घटना स्थल का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा, बलौदाबाजार में ही जांच आयोग की सुनवाई होगी, इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में कक्ष आबंटित कर दिया गया है। कक्ष क्रमांक 1 को सीबी बाजपेयी, सेवानिवृत्त न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, कक्ष क्रमांक 2 न्यायालयीन उपयोग के लिए एवं कक्ष क्रमांक 3 न्यायिक जांच आयोग के स्टॉफ के लिए आबंटित किया गया है। उन्होंने कहा, सभी पक्षों से शपथपत्र में जानकारी ली जाएगी, इसके बाद बयान और प्रति परीक्षण की कार्यवाही होगी। उल्लेखनीय है कि 10 जून को बलौदाबाजार आगजनी के मामले में प्रमुख आरोपी सहित 163 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पूरे घटनाक्रम को लेकर जिला पुलिस ने धरना प्रदर्शन के दिन के वीडिया फूटेज देखकर अरोपियों की पहचान कर पुलिस ने रिमांड में लिया है। उनसे पूछताछ के बाद कुछ और लोगों की गिरफ्तारी हुई है। वहीं कई अन्य प्रत्यक्षदर्शियों का बयान दर्ज कर रही है।

### जिलों में प्रभारियों को दी गई भीड़ लाने की जिम्मेदारी

# विस घेराव 24 को, प्रदेशभर से जुटेंगे 25 हजार कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य की लचर कानून व्यवस्था, अपहरण, लूट पाट, हत्या एवं विगत दिनों बलौदाबाजार में हुई आगजनी के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 24 जुलाई को विधानसभा घेराव को सफल बनाने की रूपरेखा



बनाई है। तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश से 25 हजार लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य तय किया है। विधानसभा घेराव को सफल बनाने के लिए सभी जिलों में प्रभारी तय किए गए हैं। सभी जिला प्रभारियों को तत्काल बैठक कर तैयारी का जायेजा लेने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उस जिले से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता घेराव में शामिल हों, ये सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। घेराव के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी जिला अध्यक्षों को पत्र लिखकर अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने की रणनीति बनाई है। सभी जिलों से अधिक से अधिक लोगों को राजधानी पहुंचने को लेकर टारगेट तय किया गया है। राजधानी रायपुर के मंडी गेट पंडरी में विधानसभा घेराव का कार्यक्रम तय किया गया है। सभी जिला, शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्षों, क्षेत्रीय विधायक, पूर्व विधायकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी दी गई है।

### वार्डों में की जाएगी अपील

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन गांधी मैदान में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिये गये हैं कि वार्ड में लाउड स्पीकर के माध्यम से आम जनता को इस आंदोलन के बारे में बताकर उनको अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए अपील करें। वहीं शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज इस मुद्दे को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक लेंगे। यह बैठक कांग्रेस भवन गांधी मैदान में दोपहर 12 बजे आयोजित की जायेगी।

### रायपुर प्रतिमा, बिलासपुर के प्रभारी बने सुबोध

ब्लॉक अध्यक्ष वार्ड अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को अधिक से अधिक संख्या में भीड़ लाने के भी निर्देश दिए गये हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा घेराव की तैयारियां तेज कर दी हैं, इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और महामंत्रियों की जिला स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की है। रायपुर जिले की जिम्मेदारी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर को दी गई है और बिलासपुर जिले की जिम्मदारी प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल को सौंपी गई है। बलौदाबाजार जिले में प्रदेश महामंत्री दीपक मिश्रा, महासमुंद जिले में कन्हैया अग्रवाल, दुर्ग जिले में सीमा वर्मा, सक्ति में गुरुमुख सिंह होरा, रायगढ़ जिले का पीआर खुंटे को प्रभारी बनाया गया है।

## खबर संक्षेप

### सेंट पॉल स्कूल में समृद्धि का सम्मान

**रायपुर।** स्थानीय सेंट पॉल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रा समृद्धि यादव का सम्मान किया गया। इसके बाद इस प्रदर्शनी में स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वालों की जीवनी एवं जीवन परिचय को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजन तथा सेंट पॉल स्कूल के छात्र शामिल हुए। इसी दौरान स्कूल के प्राचार्य ने इस प्रदर्शनी का मनोबल बढ़ाने के लिए सुरेश मिश्रा, धर्मेंद्र पांडे, राजेंद्र उमठ, पीआर अहीर, चंद्रकांत पांडे, शंकर नायडू, महेश वर्मा, राष्ट्रीय सदस्य अशोक एवं समष्टि यादव को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया।

### एहतेशाम को पीएचडी

**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी ने एहतेशाम हुसैन को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय बिजनेस स्टडीज संकाय के अंतर्गत 'इम्पैक्ट ऑफ बजट ऑन सोशियो इकानॉमिक डेवलपमेंट ऑफ छत्तीसगढ़ इंडिया' रहा। उन्होंने उनका शोधकार्य एचओडी डॉ. उमेश गुप्ता के निर्देशन में पूर्ण किया। वे सीआईडीसी के अनीस अहमद बारी एवं बेनजीर बारी के पुत्र और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के प्रबंधक आफताब हुसैन के बड़े भाई हैं।

### एचएमएस मिश्रा फिर से बने स्मेफी के प्रदेश महासचिव

**भिलाई।** भिलाई के वरिष्ठ एचएमएस नेता एचएस मिश्रा को फिर से एक बार स्टील मेटल एंड इंजीनियरिंग वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ( स्मेफी ) की छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रांतीय महासचिव बनाया गया है। अकलतरा में हुए यूनियन के प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव में उन्हें महासचिव चुना गया। श्री मिश्रा स्मेफी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। निर्वाचित होने के बाद उन्होंने कहा कि सभी को एकजुट होने की जरुरत है। एकजुटता से ही सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का मुकाबला किया जा सकता है।

## आयोजन: कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर दिए निर्देश

# राजस्व मामले आम नागरिकों के हितों से जुड़ा निर्धारित समयावधि में उचित निराकरण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि राजस्व संबंधी मामले आम नागरिकों के हितों से सीधा जुड़ा होता है। राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में उचित निराकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी राजस्व विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को राजस्व प्रकरणों का निराकरण के लिए पूरी संवदेनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिससे कि निर्धारित समय-सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित की जा सके।

■ अफसर-कर्मी प्रकरण से संबंधित लोगों से करें आत्मीय व्यवहार

कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने राजस्व संबंधी मामलों को लेकर मुलाकात करने आने वाले लोगों से मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करने तथा उन्हें उनके प्रकरणों के निराकरण के संबंध में उचित मार्गदर्शन देने के भी निर्देश दिए। हम सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एक शासकीय सेवक है। इसलिए हमारी प्रतिबद्धता और निष्ठा भी आम जनता के हित में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी शासकीय सेवकों की भाषा एवं आचार-व्यवहार सभ्य, संयत एवं शालीन होनी चाहिए। बैठक में चन्द्रवाल तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की निराकरण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में राजस्व प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**विशेष कार्य होने पर ही पटवारियों का बुलाएं अपने कार्यालय:** कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने हल्का पटवारियों को बैठक एवं विशेष कार्यों को छोड़कर तहसील एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में नहीं बुलाने के भी निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने बंदोबस्त त्रुटि सुधार, नामांतरण, बँटवारा, खाता विभाजन आदि सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता को राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु किसी भी स्थिति में परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### आरबीसी 6/4 के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें

बैठक में कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने राजस्व अधिकारियों को आरबीसी 6/4 के प्रकरणों का निराकरण विशेष प्राथमिकता के साथ करने को कहा। जिससे कि प्रभावित व्यक्तियों को तत्काल राहत पहुँचाया जा सके। उन्होंने कहा कि आरबीसी 6/4 के प्रकरणों के लिए प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके लिए आरबीसी 6/4 का प्रकरण पटवारी के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। बैठक में चन्द्रवाल ने सीमांकन के प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने सीमांकन के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने हल्का पटवारियों के उनके मुख्यालय में उपस्थिति के संबंध में लेते हुए नियत तिथि में सभी पटवारियों का अनिवार्य रूप से मुख्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

# जिले में शिशु संरक्षण माह शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके. सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में जिले में शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम 19 जुलाई से 23 अगस्त 2024 तक आयोजित किया जा रहा है।

■ इस अभियान में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाया जाएगी विटामिन-ए व आयरन सिरप

इसका शुभारंभ 9 जुलाई को मितानिन भवन बालोद में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके. सूर्यवंशी व जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जेके सिंह द्वारा एक वर्षीय बच्ची को विटामिन-ए सिरप व आयरन सिरप पिलाकर किया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जेके सिंह ने बताया कि शिशु संरक्षण माह का आयोजन 19 जुलाई से 23 अगस्त तक मंगलवार व शुक्रवार को किया जायेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त सेवाएं निःशुल्क प्रदाय की जाएगी, जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का टीकाकरण तथा विटामित ए सम्पूरक आहार की प्रदायगी, कुपोषित बच्चों की पहचान, रक्त अल्पता से पीड़ित व प्रभावित बच्चों को आयरन सिरप से तथा गर्भवती माताओं का पंजीयन, जांच, आयरन टेबलेट के द्वारा उपचारित किया जाना है। टीकाकरण सत्र के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में उपरोक्तानुसार उल्लेखित शिशु व मातृ स्वास्थ्य से संबंधित सेवाओं का संवर्धन कराया जाना है।

इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जेके सिंह, जिला सलाहकार डॉ. अरविन्द मिश्रा, जिला मीडिया अधिकारी आरके सोनबोईर, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण नायक, जिला वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर रविकान्त साहू, जिला वैक्सीन स्टोर मैनेजर आरके. सहारे, एलएचव्ही चंद्रिरका उइके, इन्दु साहू, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एस सहारे, ललिता साहू एवं मितानिन, बच्चे व उनके परिजन उपस्थित थे।

## दिवंगत छात्रों के परिजन को शिक्षकों ने दी आर्थिक सहायता राशि



**डौंडीलोहारा।** विगत माह पूर्व माध्यमिक शाला संजारी में अध्ययनरत दो सगे भाई योगेश प्रताप एवं खेमराज सोनकर की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। एक साथ दो सगे भाइयों की मौत से परिवार में वज्रपात हो गया, जिसकी भरपाई असंभव है। शोक संतप्त परिवार से मिलकर संकुल केन्द्र संजारी के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षकों ने उन्हें आर्थिक सहयोग राशि दी। सहयोग प्रदान करने वालों में संकुल समन्वयक मूलचंद कोसरिया, प्रधान पाठक राजकुमार दीवान माध्यमिक शाला संजारी, प्रधान पाठक भूपेन्द्र कुमार इन्दौरिया, भीकेश कुमार सहारे सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला संजारी, प्रधान पाठक कुलेश्वर सिंह ठाकुर प्राथमिक शाला बर्रापारा शामिल हैं।

## जिपं सीईओ ने बड़े जुंगेरा में किया निरीक्षण

# प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य जल्द पूरा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बड़े जुंगेरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही भगवानी राम मण्डावी, चिन्ता राम एवं मन्नू राम के आवासों का निरीक्षण किया एवं हितग्राहियों से चर्चा कर आवास निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली।उन्होंने हितग्राहियों का निर्माणाधीन आवास के निर्माण कार्य के शीघ्र पूरा कराने को कहा। इसके पश्चात सीईओ डॉ. कन्नौजे ने जनपद पंचायत कार्यालय डौण्डीलोहारा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा विभिन्न शाखा प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के कुल 120 ग्रामों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत कुल 8 हजार 258 आवास स्वीकृत हुआ है। जिसमें से 7 हजार 690 आवास निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। डॉ. कन्नौजे ने शेष आवासों के निर्माण कार्य को भी शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।

## गायत्री प्रज्ञा पीठ में मनाई जाएगी गुरु पूर्णिमा कल



**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व गायत्री प्रज्ञा पीठ डौंडीलोहारा में मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी गायत्री परिवार ने की है। 20 जुलाई को शाम 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक 12 घंटे का गायत्री महामंत्र अखंड जाप होगा। 21 जुलाई को प्रातः 10 बजे से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार पुंसवन ,नामकरण, मुंडन, अन्नप्राशन, विद्यारंभ ,दीक्षा, यज्ञोपवीत, जन्म दिवस, विवाह दिवस आदि संस्कार निशुल्क का संपन्न कराए जाएंगे। गुरु पूर्णिमा पर्व संदेश एवं महापूर्णाहूति के बाद भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। प्रज्ञा पीठ के सदस्य वीरेंद्र कुमार साहू ने बताया किहर मनुष्य के लिए बहुत ही महत्व रखता है क्योंकि बिना गुरु के जीवन की नैया को पार करना संभव नहीं है। गुरु ही एक ऐसी शक्ति है जो भवसागर से पार लगाने की शक्ति रखती है।

## पेज 9 के शेष

### पत्नी की हत्या ...

देखा कि मालेश्वरी की मृत्यु हो गयी थी। उसे कमरा से बाहर निकालकर परछी में लिटाकार रखे थे। लड़की की मृत्यु कैसे हुई जानकारी नहीं होना बताया। उक्त सूचना पर मर्ग कायम कर मामले को मर्ग जांच में लिया गया। मृतका के शव का पंचनामा गवाहों के समक्ष तैयार कर घटना स्थल का निरीक्षण कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मर्ग जांच के दौरान मृतका के पिता हिंसूराम, माता संतकुमारी, भाई नुमेश का कथन लेकर उनके कथन के आधार पर यह पाया गया कि मृतका के ससुराल वाले पति, सास-ससुर मृतका को दहेज की मांग को लेकर क्रूरतापूर्ण व्यवहार कर प्रताड़ित कर परेशान करते थे और पैसा मांगकर लाने बोलते थे और उसकी हत्या कर दिये। तत्पश्चात अभियुक्त गण के विरूद्ध अपराध हत्या के आरोप मामले की विवेचना में लिया गया। शेष आवश्यक विवेचना पश्चात विवेचना अधिकारी नगर पुलिस अधीक्षक अब्दुल अलीम खान व निरीक्षक आर.पी. यादव द्वारा विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डौण्डीलोहारा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से मामला दिनांक 05.12.2020 को सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में उपार्पित किया गया। जहां विचारण के दौरान आये साक्ष्य के आधार पर आरोपी कुलदीप मालेकर को उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। **गूगल व यूट्यूब देख की थी हत्या की प्लानिंग :** पति ने पत्नी को मारने के लिए दृश्यम जैसी फिल्मों की तर्ज पर 10 दिन पहले ही गूगल और यूट्यूब से हत्या के तरीके सर्च करके प्लानिंग कर ली थी। फिर हत्या के बाद सुराग छिपाने, पुलिस से कैसे बचें, विसरा रिपोर्ट क्या होती है, फॉरेंसिक जांच कैसे होती है, पुलिस सवाल पूछे तो उनका जवाब कैसे देना है? इन सब के बारे में भी सर्च करके पूरी तैयारी कर ली थी, ताकि अगर कोई छानबीन हो तो वह बचा रहे। लेकिन उसकी चालाकी काम नहीं आई। पुलिस ने परिजन की शिकायत पर नए सिरे से जांच की तो सच सामने आ गया था। पति कुलदीप ने 30-31 अगस्त की दरम्यानी रात को सुबह 3 बजे के आसपास हत्या की थी। फिर दिखावे के लिए उसने घरवालों को उठाकर पत्नी की तबीयत खराब होने का बहाना करके 108 से अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया।

### दो पक्षों में मारपीट...

में सरपंच पुष्पा सिन्हा के हाथ व कलाई में चोट आई। सरपंच पुष्पा सिन्हा द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पूर्व सरपंच ज्ञानेश्वर साहू ने गुरुवार की शाम लगभग 6 बजे स्टे लगे हुए मेरे मकान का मोबाइल से फोटो खींचने लगा तो मैंने फोटो खींचने का कारण पूछा और मना किया तो मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हुए वहां से चला गया। वहीं पूर्व सरपंच ज्ञानेश्वर साहू ने भी अपना पक्ष रखते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बालोद जिला बालोद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता ग्रामवासी ग्राम निपानी तहसील व जिला बालोद को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रोमनाथ यादव आत्मज स्व. अनुज राम यादव एवं अन्य 02 निवासी ग्राम हल्दी तहसील गुंडरदेही जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि ग्राम निपानी तहसील व जिला बालोद में ख.न. 6 रकबा 0.50 हे. भूमि रजवन्तीन बाई पति स्व. अनुज राम के नाम पर दर्ज है । उक्त भूमि को दिनांक 14.08.2023 को वसीयतनामा (इच्छा पत्र) के अनुसार आवेदकगण के पक्ष में वसीयतनामा निष्पादित किया गया है । वसीयतकर्ती रजवन्तीन बाई पति स्व. अनुज राम का दिनाक 15.09.2023 को मृत्यु हो चुकी है। आवेदकगण वसीयतकर्ती रजवन्तीन बाई पति स्व. अनुज राम की मृत्यु हो जाने कारण उक्त भूमि पर से उनका नाम विलोपित कर वसीयतनामा (इच्छा पत्र) के अनुसार अपने नाम पर नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है। अतएव जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति अथवा अवक्षेप हो तो इस प्रकरण में पेशी दिनांक 07/08/2024 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है! नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)**

**-:: शपथ-पत्र ::-**

मैं शपथकर्ती अमीरन बी उम्र 67 वर्ष आ० अमीर खान (पति मकसूद खान), बाजार चौक वार्ड नंबर 10, मकान नंबर 160 ग्राम धानापुरी तहसील-गुरूर, जिला-बालोद छ.ग. की निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन करती हूँ कि -

1/ यह कि, मुझ शपथकर्ती के संयुक्त नाम पर ग्राम डोटोपार प.ह.नं. 03 तहसील गुरूर जिला बालोद छ.ग. में भूमि ख.नं. 470, 576 रकबा क्रमशः 0.07 0.17 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.24 हे. दर्ज है।

2/ यह कि, ग्राम डोटोपार स्थित भूमि के राजस्व अभिलेख में मेरा नाम मेरे पिता अमीर खान के फौती दर्ज होने उपरांत मेरे विवाह के पूर्व का नाम सुन्नत बी पिता अमीर खान दर्ज हुआ है।

3/ यह कि, विवाह पश्चात मेरे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, राशनकार्ड मेरा नाम अमीरन बी पति मकसूद खान दर्ज है।

4/ यह कि, राजस्व अभिलेख में दर्ज मेरे नाम सुन्नत बी पिता अमीर खान को, मेरे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, राशनकार्ड के अनुसार अमीरन बी आ० अमीर खान (पति मकसूद खान) दर्ज किया जावे, जिसके संबंध में यह शपथ पत्र आप श्रीमान के समक्ष प्रस्तुत है।

**शपथकर्ती**

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि शपथ-पत्र की कंडिका 01 से 04 तक वर्णित कथन सत्य एवं सहीं है, जिसे अपना हस्ताक्षर कर आज दिनांक 18/07/2024 को सत्यापित किया।

**सत्यापनकर्ती**

**न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)**

**// सूचना //**

मामले का विषय पुनरीक्षण प्रकरण
मामला का क्रमांक 504 अ-5 वर्ष 2021-22
पक्षकार - श्री कुंदनमल जैन आ. नथमल जैन वैग. विरूद्ध मो. अमीनुद्दीन
आ. मो. हफीनुद्दीन
मो. अमीनुद्दीन आ. मो. हफीनुद्दीन निवासी-ग्राम कलकसा, तहसील डौण्डीलोहारा, जिला- बालोद (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि पुनरीक्षणकर्ता श्री कुंदनमल जैन आ. नथमल जैन वैग. निवासी ग्राम कलकसा, तहसील-डौण्डीलोहारा, जिला-बालोद (छ.ग.) - द्वारा न्यायालय कलेक्टर, बालोद, जिला-बालोद के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202112241200003 अ-5 वर्ष 2021-22 में पारित आदेश दिनांक 22.06.2022 के विरूद्ध छ.ग. भू.रा.सं. 1959 की धारा-50 के तहत पुनरीक्षण प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि : 1/8/2024 दिन-गुरूवार को दोपहर 12.00 बजे स्थान हिन्दी भवन, दुर्ग में होगी।

अतः सुनवाई तिथि पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

जारी दिनांक 06/06/24

**आयुक्त**
**दुर्ग संभाग, दुर्ग**

## हायर सेकंडरी की छात्रों को साइकिल वितरित



**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेड़िया नवागांव में गुरुवार को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को सायकिल का वितरण किया गया। इसमें शाला विकास समिति के सदस्य व सरपंच चिदाकाश आर्य व प्राचार्य कामेश सिंह ने बच्चों को सायकिल की चाबी सौंपी। साथ ही समस्त शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## छात्रों ने रोपा पौधा, छात्राओं को बांटी गई साइकिलें



**बालोद।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम आमापारा बालोद में पौधारोपण और सायकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य लिनु तुली की माता के पुण्यतिथि के अवसर पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम आमापारा बालोद में पौधारोपण किया गया। स्कूल के सभी कक्षा में प्रथम आये हुए बच्चों के साथ, वार्ड पार्षद चमेली यादव, सीएसी रविंद्र भेड़िया, प्राचार्य लिनु तुली एवं समस्त स्कूल स्टाफ ने विद्यालय में पौधा लगाया। इसी उपलक्ष्य में सरस्वती सायकिल वितरण योजना के तहत स्कूल में नवमीं के छात्राओं को सायकिल वितरित की गईऔर बेहतर भविष्य के लिए छात्राओं को शुभकामनाएं दी गई।

## मानव उत्थान समिति ने नर्सरी में लगाए पौधे



**बालोद।** मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में समाजसेवी सतपाल महाराज की प्रेरणा से 14 से 31 जुलाई तक भारतवर्ष के अधिकांश प्रान्तों में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में सिवनी (बालोद) नर्सरी में लगभग 50 पेड़-पौधे लगाए गए। संस्था द्वारा पूरे भारत के विभिन्न राज्यों में सन 2022 में 77749 व सन 2023 में 89896 पेड़ लगाकर सुरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। संस्था द्वारा इस वर्ष एक लाख से ज्यादा पेड़ लगाकर संरक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिवनी के पंच हेमंत साहू, रितिक निषाद, नंदू साहू, सालिक, नंदलाल ठाकुर, मानव उत्थान सेवा समिति के कार्यकर्ता एवं मानव सेवा दल के स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## शिक्षकों ने जन्म दिन पर बच्चों को परोसा न्योता भोज



**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्री में शिक्षक राकेश कुमार साहू व शिक्षिका प्रीति सोनवानी ने अपने जन्म दिन पर बच्चों को न्योता भोज कराया। इसमें बच्चों को सेवई एवं हलवा परोसा गया। इस अवसर पर एमएल साहू, गुनेंद्र कुमार साहू, यशुमति साहू, पीआर. साहू, डीपी. साहू, केके दिल्लीवार सहित विद्यालय के पूरे स्टाफ उपस्थित थे।

## जन्मोत्सव पर न्योता भोज का आयोजन



**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला में आईसीटी ब्लॉक प्रभारी हरीश सिन्हा द्वारा अपनी भतीजी घनिष्ठा पुत्री राकेश कुमार सिन्हा एवं अपने जन्मदिन पर न्योता भोज दिया गया। छात्रों को खीर पूरी पूरक पोषण आहार के रूप में वितरित की गई। इस पहल के लिए मनोज देवांगन, सातो धनकर, वंदना साहू, लक्ष्मी चंद सोनवानी, लिक्ष्मी चंद शार्वा, लोकेश्वर सिंह निषाद आभार जताया। प्रधान पाठक कमल कुमार आलेंद्र ने आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए उनके स्वस्थ दीर्घायु जीवन की कामना की।

## श्रीकृष्ण-राधा की मूर्ति स्थापित, निकली शोभायात्रा



**बालोद।** ग्राम पीपरछेड़ी में भगवान श्रीकृष्ण व राधा की मूर्ति ग्राम के चौक में स्थापित की गई। ग्रामीणों द्वारा शोभायात्रा व महिलाओं ने कलश यात्रा ग्राम में निकाली थी। स्थापना पूजा के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम में विजय यादव, गौकरण, झनक यादव, गंगा राज, लता यादव, जंगलू यादव, चंद्रिका यादव, रमतुला यादव, धारनी यादव, कुनाल यादव, भीशम यादव, वर्षा यादव, मोनू यादव, भूपेन्द्र सिन्हा, पायल यादव तथा ग्रामीणों का सहयोग था।

KS GROUP
PUNJAB | INDIA



BOOK NOW
KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265



Recognized by
Indian Nursing Council & C.G.
Nurses Registration Council
Nursing Education
B.Sc. Nursing
4 Years Course
100% CAMPUS PLACEMENT
MARUTI INSTITUTE OF NURSING
Affiliated by Pt. D.D. U. M. Health Sciences & Ayush University, Raipur
Vill- Danitola. Post- Bhaisbod, Teh- Dondi. Distt- Balod (C.G.)
www.marutinursing.com, marutidalli@rastoginursing.com
09229820000, 07470542137

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### प्रताप सार्वा ने 15वीं बार किया रक्तदान

**गुण्डरदेही/कलंगपुर।** मानवता का फर्ज निभाते हुए और रक्त की कमी से किसी अनजान मरीज की जिंदगी बचाने के लिए जिला चिकित्सालय दुर्ग में ग्राम पिकरीपार निवासी प्रताप सार्वा ने अपना 15वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान किया और अपने रक्तदान से मानव जीवन बचाने में अमूल्य योगदान दिया।

### शिक्षक-प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में बदलाव जरूरी: कुलपति

**भिलाई।** राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप शिक्षकों के बीएड, डीएलएड जैसे प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में बदलाव अब जरूरी हो गया है। शिक्षक-प्रशिक्षणार्थी तथा शिक्षक-प्रशिक्षक मैदानी स्थितियों के अनुरूप पाठ्यक्रम में परिवर्तन हेतु सुझाव विश्वविधालय को दें।" उपरोक्त विचार पं. सुन्दर लाल शर्मा (मुक्त) विश्वविधालय छ.ग. बिलासपुर के कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह ने पं. सुंदर लाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर के क्षेत्रीय केन्द्र दुर्ग अंतर्गत मनसा शिक्षा महाविधालय, कुरूद अध्ययन केन्द्र में बीएड प्रशिक्षणार्थियों की दस दिवसीय कार्यशाला के आज संपन्न हो गई है। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डां. बंश गोपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरुप शिक्षकों को बीएड, डीएलएड जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बदलाव अब जरुरी हो गया है। शिक्षक अपने विद्यार्थियों के अंदर के सर्वश्रेष्ठ को बाहर निकाले और उनके अनुरूप उनके व्यक्तित्व का विकास करें।

### कर्मियों ने काला फीता लगाकर किया विरोध

**भिलाई।** लंबित मांगों को लेकर नगर निगम भिलाई के कर्मचारियों ने गुरुवार को विरोध जताया। कर्मियों ने लंच के दौरान काला फीता लगाकर विरोध जताते हुए मांगों को जल्द पूर्ण किए जान की मांग की। ऐसे नही किए जाने पर विरोध तेज करने की चेतावनी दी। कर्मचारी संघ ने 18 और 19 तारीख को भी इसी तरह प्रदर्शन की अपील कर्मियों से की। एक तारीख को वेतन भुगतान, अनुकंपा नियुक्ति आदेश जारी करने और पेंशन आदि मांगों को लेकर कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने भोजनावकाश में काला फीता लगा कर विरोध किया। एक से पांच जून तक भी मुख्यालय के कर्मियों ने विरोध जताया था। छग कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ निगम भिलाई के प्रांतीय संगठन सचिव श्रवण कुमार ने बताया कि नगरीय निकाय कर्मीयों को हर माह एक तारीख को वेतन भुगतान करने, सभी लंबित अनुकंपा नियुक्ति आदेश जारी करने, रिटायर कार्यभारित कर्मियों को पेंशन व अन्य देनदारियों तत्काल करने, विभागीय पदोन्नति के लिए स्वीकृत सेटअप में सीधी नियुक्ति के पदों को पदोन्नति से भरे जाने के लिए एक साल के लिए शिथिलीकरण करने आदि प्रमुख मांगें शासन से तत्काल पूर्ण किए जाने की मांग की गई है।

### रिसाली के सामने युवा मोर्चा का शांतिपूर्ण प्रदर्शन

**भिलाई।** बीजेपी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को डीपीएस रिसाली के पास अनोखा प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मैनेजमेंट को गेटवेल सून और गुलाब का फूल सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि डीपीएस की बाउंड्री सड़क पर बनाने और यातायात व्यवस्था ठीक न होने से हर दिन एक से दो बजे के बीच ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। टाउनशिप, रिसाली शहर के दोनों प्रमुख भाग को जोड़ने वाली सड़क पर आवाजाही में परेशानी हो रही है। हादसे का डर बना हुआ है। कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर फिलहाल सांकेतिक प्रदर्शन किए है। कैंपस के बाहर प्रदर्शन किया गया है। स्कूल प्रबंधन को 10 दिन की मोहलत दी गई कि व्यवस्था सुधार लें। अन्यथा 10 दिन बार उग्र आंदोलन किया जाएगा। क्षेत्रवासी लगातार मुद्दा उठा रहे है। एक से दो बजे के बीच न तो एंबुलेंस गुजर पाती है और न ही फायर ब्रिगेड।

# सड़क चौड़ीकरण में विभाग बरत रहा लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नेशनल हाईवे 930 के चौड़ीकरण कार्य में संबंधित विभाग द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है। जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते कार्य भी धीमी गति से चल रहा है, तो वहीं काफी नुकसान भी हो रहा है।

■ नवनिर्मित सड़क खोदकर पहले क्रांस बेरियर लगाया अब उखाड़ा जा रहा

दरअसल करीब महीने भर पहले नेशनल हाईवे 930 में खरखरा नाली के पुल से लेकर शिवनाथ काम्प्लेक्स तक नवनिर्मित सड़क को खोदकर क्रांस बेरियर लगाने का कार्य शुरू किया, लेकिन अब फिर से सड़क की खोदाई कर उस क्रांस बेरियर को वापस निकाला जा रहा है। क्रांस बेरियर को निकालने के बाद जिन जगहों पर गड्ढा किया गया है उसकी फिर से रिपेयरिंग की जाएगी।

विदित हो कि शहर से होकर गुजरे राष्ट्रीय राजमार्ग में खरखरा नहर नाली पुल के पास से कॉलेज तक सर्विस रोड व क्रांस बेरियर लगाने का कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। हालांकि शहर के गंजपारा से लेकर कॉलेज तक इसे बनाना था, लेकिन व्यापारियों के विरोध के कारण शहर से होकर गुजरे एनएच – 930 में क्रांस बेरियर बनने में संशय है।

### गलत लगा था क्रास बेरियर, सही जगह पर लगाया जाएगा

नेशनल हाईवे विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य मार्ग के बेहद नजदीक में क्रांस बेरियर लगा था, जो कि गलत लगा था, जिसे अब हटाया जा रहा है। क्रांस बेरियर लगने के बाद वाहनों के आवाजाही के लिए सड़क में जगह की कमी हुई, जिसके चलते दुर्घटना होने की संभावना थी। इसी कारण विभाग द्वारा उसे फिर से निकाला जा रहा है और जहां से वाहनों का आवाजाही होगी, उससे दूरी बनाकर उसे लगाने की तैयारी की जा रही है। इससे सर्विस लेन भी सही तरीके से बनेगा और वाहनों का भी आवाजाही में कोई परेशानी नहीं होगी।



**आरोप :** अधीक्षिका और रसोइया का लिया गया बयान, रजिस्टर भी गायब होना बताया

# कांग्रेस ने छात्रावास में अनैतिक घटना की जांच की : पूर्व मंत्री भेड़िया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

कांग्रेस जांच समिति के सदस्यों ने कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा अंतर्गत छोटे बेठिया स्थित कन्या आवासीय छात्रावास में अध्ययनरत छात्रा के साथ हुई अनैतिक घटना का जांच प्रतिवेदन प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को सौंपा।

समिति के सदस्यों ने छात्रावास में कांग्रेस जांच समिति, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, ग्रामवासी, अधीक्षिका और कार्यरत कर्मचारी एवं अध्ययनरत छात्राओं से छात्रा के साथ हुए घटना की विस्तृत चर्चा की गई। तत्कालिन निलंबित अधीक्षिका विनिता कुजूर से चर्चा कर जानकारी ली। उसके द्वारा यह कहा गया कि छात्रा के साथ ऐसी कुछ घटना हुई नहीं है तथा मुझे कुछ जानकारी नहीं है। समिति के सदस्यों ने अधीक्षिका से उनके निलंबन का कारण पूछा। अधीक्षिका ने कहा शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने के कारण मुझे निलंबित किया गया है। समिति के सदस्यों को संबंधित अधीक्षिका घटना के संबंध में सही जानकारी नहीं दे पाई। अधीक्षिका ने बताया कि वे छात्रावास में रहती नहीं, रात 8 बजे घर चले जाती है।



### दोषियों पर कार्रवाई हो

कांग्रेस समिति ने कहा कि आदिवासी समाज की मांग है कि अगर घटना हुई नहीं है तो उनके द्वारा भी अस्मिता को बदनाम किया जा रहा है, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। अगर घटना हुई है तो जांच समिति शीघ्र जांच की कार्रवाई पूर्ण कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी करें।

तत्पश्चात अधीक्षिका को बच्चों की उपस्थिति पंजी, मासिक धर्म के दौरान दी जाने वाली सामग्री पंजी, प्रतिदिन मेनू चार्ट (भोजन) एवं नियमित चिकित्सा संबंधी जांच पंजी दिखाने कहा गया। अधीक्षिका द्वारा वर्तमान जून, जुलाई का आनन-फानन में बनाया गया रजिस्टर दिखाया गया। पुराना रजिस्टर गुम होना बताया तथा कुछ रजिस्टर जांच समिति को सौंप दिया गया कहा गया। इससे यह साबित होता है कि उक्त अधीक्षिका द्वारा छात्रावास में रजिस्टर संधारित नहीं किया जाता था तथा अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह बरती गई।

वहां खाना बनाने वाले रसोइयों से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि यहां 79 बच्चे हैं तथा दो कमरा है, उसी कमरे में हम तीन रसोइया बच्चों के साथ सोते है तथा अधीक्षिका को बच्चे क्या कर रही है, कहा आ जा रही है उससे उन्हें कोई मतलब नहीं है। अधीक्षिक रात्रि में सभी बच्चों को हम लोगों के भरोसे छोड़कर घर चले जाती थी तथा कभी-कभी अधीक्षिका का पति भी छात्रावास में आता हैं। छात्रावास के निरीक्षण के दौरान छात्रावास में दरवाजा खिड़की नहीं पाई गई। बाउण्ड्रीवाल नहीं होने के कारण छात्रावास चारों तरफ से खुला हुआ है। वहां मात्र दो ही कमरा है तथा 79 बच्चे अध्ययनरत हैं। परिसर में पानी भरा हुआ था। महिला सुरक्षाकर्मी पदस्थ नहीं है। सरपंच, ग्रामीणों द्वारा छात्रावास में महिला सुरक्षाकर्मी के लिए मांग की गई थी परन्तु शासन-प्रशासन ने विभाग में महिला गार्ड नहीं है बोलकर वहां महिला सुरक्षा कर्मी पदस्थ नहीं किया गया और न ही छात्रावास में नियमित चिकित्सा जांच संबंधी पंजी पायी गई। वहीं सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया गया है। बच्चियों की सुरक्षा को लेकर कोई व्यवस्था नहीं की गई है। समिति के सदस्यों ने छात्रा के माता-पिता से भी संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन नदी में पानी अधिक होने के कारण मुलाकात नहीं हो पाई। छात्रा को वार्षिक परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया। 16 तारीख को परीक्षा प्रारंभ होने को थी और 15 तारीख को छात्रा को उसके घर भेजा गया। पीड़ित बालिका को वार्षिक परीक्षा के एक दिन पहले घर भेजना, यह भी संदिग्ध है कि घटना हुई है।

अधीक्षिका ने इस पूरे मामले की जानकारी न तो विभाग को दी और न ही पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इस बड़ी घटना की जानकारी प्राचार्य, जिला प्रशासन और न ही कोई जनप्रतिनिधि ने संज्ञान में लिया। सरपंच व ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर मामला उजागर होने से विभाग में हडकंप मचने के बाद कार्रवाई की गई, इसके बाद भी कार्रवाई में पुलिस प्रशासन द्वारा कोताही बरती गई है। विभागीय अधिकारी द्वारा भी छात्रावास का निरीक्षण नहीं किया जाता है।

# छात्रों को प्रवेश में सहयोग कर रहा छात्र सहायता केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में देवेंद्र कुमार साहू के नेतृत्व में छात्र सहायता केंद्र लगाया गया। इसके तहत नव प्रवेश छात्र छात्राओं को एडमिशन में होने वाली समस्या को दूर किया जा रहा, उनके साथ में एडमिशन प्रक्रिया में सहयोग किया जा रहा है और विधायक प्रतिनिधि गजेंद्र ढीमर की विभिन्न साथी इस प्रक्रिया उनका सहयोग कर रहे हैं।

जब से प्रवेश प्रारंभ हुआ लगभग 15 दिनों से देवेंद्र साहू और उनके साथी छात्र सहायता केंद्र के माध्यम से छात्रों को एडमिशन में होने वाली समस्याओं को दूर कर उसे महाविद्यालय में प्रवेश कराने में छात्र–छात्राओं का सहयोग किया जा रहा है। देवेंद्र साहू ने बताया कि एडमिशन के समय नए छात्र आते हैं, उन्हें बहुत सी जानकारी नहीं रहती कि किस प्रकार से महाविद्यालय में कहां पर कौन सा कार्य होता है। अतः हम खुद युवाओं का सहयोग हेल्प केंद्र बनाकर छात्र–छात्राओं का सहयोग कर रहे हैं। इसमें विधायक प्रतिनिधि गजेंद्र ढीमर, राहुल निषाद, हर्षवर्धन निषाद, मुकेश कुमार, पंकज कृपाल, खिल्लु कुमार, डिलेश्वर देशमुख, भोजेंद्र साहू, चंद्र प्रकाश पिस्दा, विश्वजीत बघेल, देवर्षि बेलसर, कमलकांत देशलहरे, दिग्विजय, रोशन सोनकर, अंकित, अमन सोनकर इस कार्य में अपना सहयोग दे रहे हैं।

# लक्ष्य साधकर साधना करने से ही मिलती है सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जनवादी लेखक संघ जिला बालोद के तत्वावधान में ओना कोना स्थित आर राणा वनश्री उपवन में पावस ऋतु पर पावस परब का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष जनवादी लेखक संघ डॉ. परदेशी राम वर्मा थे एवं अध्यक्षता पूर्व आ ई ए ए स बीएल ठाकुर ने किया। पूर्व अध्यक्ष अनुसुचित जन जाति आयोग जीआर राणा के आमंत्रण पर आयोजित पावस परब कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि साहित्यकार भिलाई बद्री प्रसाद पारकर, समाज सेवी भिलाई मुनीलाल निषाद, साहित्यकार बालोद डॉ. अशोक आकाश, साहित्यकार डौंडीलोहारा देव नारायण नगरिहा उपस्थित थे। अतिथि स्वागत पश्चात आयोजक जीआर राणा द्वारा कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते रूपरेखा प्रस्तुत किया गया। बद्री प्रसाद पारकर ने आत्मकथा धीरे–धीरे उतरे पार की मूल बिंदु पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. परदेशी राम वर्मा ने कहा लक्ष्य साधकर साधना करने से सफलता निश्चित है, लगातार कठिन परिश्रम अध्ययन और सामाजिक विसंगतियों पर नजर लेखक के लिये लेखन की जरूरी है। अध्यक्षता कर रहे पूर्व आईएएस बीएल ठाकुर ने छत्तीसगढ़ के खनिज संसाधनों की प्रचूरता से उचित दोहन को समय की जरूरत बताते कहा कि छत्तीसगढ़ में खनिज संसाधन का भंडार है, हमारी अमित संपदा मिट्टी में ही गड़ी हुई है। छत्तीसगढ़, झारखण्ड के बाद देश का दूसरा ऐसा राज्य है जहां खनिज सम्पदा की प्रचूरता है, जिनका उचित दोहन की आवश्यकता है।

■ पावस परब पर जनवादी लेखक संघ ने कार्यक्रम की गिनाई महत्ता



आयोजक जीआर राणा ने कहा आज इस मंच पर पावस परब के माध्यम से जो पौधे हमने लगाये हैं, यह हमारी धरती माता को श्रृंगारित करने का उपक्रम है। धरती माता हमारी मां से बढ़कर है आओ हम धरती मां का श्रृंगार करें। कार्यक्रम में मन्नम राणा, महानंद साहू, देवनारायण नगरिहा, हेमलाल ताण्डव, अशोक निषाद, नितिश वर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र अजनबी ने किया। कार्यक्रम में मुनी लाल निषाद के आभार प्रदर्शन किया।

### एनटीएफसी शपथ ग्रहण और शिक्षक सम्मान समारोह 21 को

**बालोद।** नावल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन द्वारा गुरू पूर्णिमा के अवसर पर 21 जुलाई को प्रातः 11 बजे से स्थानीय कला केंद्र बालोद में एनटीएफसी शपथ ग्रहण एवं शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। समारोह की मुख्य अतिथि विधायक बालोद संगीता सिन्हा एवं विशेष अतिथि ब्रम्हकुमारी सरिता दीदी होंगी। एनटीसीएफ अध्यक्ष अरूण कुमार साहू ने बताया कि शिक्षकों की सृजनशीलता एवं रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से समिति के मनोनीत पदाधिकारी एवं चयनित प्रतिभावान नवाचारी, कला, साहित्य शिक्षकों का सम्मान किया जायेगा। विशिष्ट शैक्षिक योगदान के लिए सेवानिवृत्त प्राचार्य चित्र भट्टाचार्य, टीआर कोमिया, एनके गौतम, समिति सदस्य कमला वर्मा, वारूणी दिल्लीवार, शिवकुमार अंगारे को एनटीसीएफ मानद सम्मान प्रदान किया जायेगा।

# संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

जिला स्तरीय फुटबॉल चयन प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को खेल मैदान चिखली में किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सौरभ लुनिया प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा एवं एथलेटिक्स संघ बालोद अध्यक्ष थे। अध्यक्षता विनिता सैनी प्राचार्य चिखली, विशिष्ट अतिथि किशोर मेहरा जिला खेल अधिकारी शिक्षा विभाग, स्वप्न जेना जिला खेल समन्वयक, मंजुला यदु डौण्डी, ज्ञान सिंह जुरेशिया गुरुर, ब्लाक खेल अधिकारी, छबिलाल जांगड़े थे।

■ प्रतियोगिता में अलग–अलग आयु वर्ग के 125 बच्चों ने लिया हिस्सा



इस प्रतियोगिता के समन्वयक स्वप्न जेना ने बताया कि जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता में बालोद जिले के 125 बच्चों ने भाग लिया। बालक व बालिका समूह में 14 वर्ष, 17 वर्ष व 19 वर्ष के बच्चों का चयन कर आगामी जुलाई व अगस्त माह में होने वाले संभाग स्तर के लिए बच्चों का चयन किया गया। जिला स्तरीय फुटबॉल चयन प्रतियोगिता में जितने भी बच्चे चयनित हुए हैं सभी बालोद जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य के लिए चयनित होंगें। मुख्य अतिथि सौरभ लुनिया ने खेल खिलाड़ी जिन्दाबाद नारे से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने सभी बच्चों के साथ मिलकर एक पौधा मां के नाम रोपित किया। इस प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में मैच रेफरी मोईन खान, सजेस भोरकर, पी ईश्वर राव, निलेश गौर, सिध्दार्थ रेड्डी, जगप्रीत संधू, दिलीप रावत व अन्य स्कूल के व्यायाम शिक्षक व सभी खिलाड़ियों का सहयोग रहा।



**अभियान में सयोग करने वाले समाजसेवी-बुद्धिजीवी व जनप्रतिनिधियों को समिति ने किया सम्मानित**

# टीबी को समाप्त करने जिला स्तरी क्षय उन्मूलन समित ने शुरू किया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

देश में टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला स्तर पर भी इस अभियान को शामिल किया गया है। इस अभियान को सफल बनाने वाले समाजसेवी, बुद्धिजीवी का सम्मान जिला स्तरी क्षय उन्मूलन समित ने सम्मान सभा का आयोजन किया, जिसमें बालोद जिले के सभी ब्लाक के सरपंच, पार्षद एवं जनप्रतिनिधि, समाज सेवक जिन्होंने निक्षय मित्र बनकर मरीजों को सहयोग प्रदान किया, उन्हें रीच संस्था एवं एनटीईपी स्टॉफ द्वारा सम्मानित किया गया। विदित हो कि इसी उद्देश्य को लेकर

सरकार द्वारा निक्षय मित्र योजना शुरू की गई। इसके तहत एनजीओ, कॉरपोरेट सेक्टर, कई अन्य लोग और संस्थायें टीबी मरीजों को छह महीने से 3 साल तक गोद लेकर उनके लिए पोषक आहार उपलब्ध करा सकते हैं। इस मौके पर बालोद जिले के सभी ब्लाक के सरपंच, पार्षद एवं जनप्रतिनिधि, समाज सेवक जिन्होंने निक्षय मित्र बनकर मरीजों को सहयोग प्रदान किया। उसे रीच सांस्था एवं एनटीईपी स्टॉफ के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बालोद जिला एनईटीपी स्टॉफ टीबी सरवाईबर टीबी चौम्पियन, पिरामल से मिथलेश, लीलेश एवं रीच से मुकेश कुमार श्रीवास उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया भर से टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए 2030 का लक्ष्य तय किया है, जबकि भारत ने इसी बीमारी को खत्म करने के लिए साल 2025 तक का लक्ष्य रखा गया है। भारत के कई राज्यों ने भी अपने अपने क्षेत्र से इस बीमारी को खत्म करने का लक्ष्य तय किया था। भारत में इस बीमारी को रोकने के लिए कई प्रोग्राम चलाये जा रहे हैं, इसमें इलाज से लेकर स्वास्थ्य और न्यूट्रिशन के लिए सरकारी मदद देना शामिल हैं। रोगियों के लिए निक्षय पोषण योजना (एनपीवाई), उपचार को प्रोत्साहन देना, आदिवासी क्षेत्रों में टीबी रोगियों के इलाज के लिए आने जाने में सहयोग करना, एनपीवाई के तहत सीधे बैंक खाते में धनराशि देना (डीबीटी) जैसी योजनाएं शामिल हैं।



टीबी के उपचार में दवाई के साथ पोषण संबंधी मदद की भी अधिक आवश्यकता होती है। टीबी मरीजों की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं होती, जिसके कारण ऐसे मरीज खाने–पीने में पोषक आहार नहीं ले पाते हैं। टीबी मरीजों के शरीर में पोषक तत्वों की कमी की वजह से उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बहुत ही कम होती है। जिसे लेकर सरकार टीबी मरीजों के लिये मुफ्त जांच, इलाज और दवाइयों की व्यवस्था के साथ पोषण आहार के लिये निक्षय पोषण योजना के तहत प्रत्येक माह 500 रुपए की सहायता राशि भी देती है, जो काफी कम है।

### पार्लर की आड़ में चल रहे देहव्यापार की शिकायत

**भिलाई।** भिलाई शिक्षाधानी के रूप में जानी जाती है, लेकिन बीते कुछ समय से शहर में लगातार बड़ी संख्या में मसाज पार्लर खुलते जा रहे हैं। आलम ये है कि भिलाई जैसे छोटे शहर में 50 से अधिक मसाज पार्लर है जिसमें 25 से ज्यादा मसाज पार्लर सुपेला थाना क्षेत्र में आने वाले नेहरू नगर एवं स्मृति नगर जुनवानी क्षेत्र में है। समय-समय पर इन मसाज पार्लरों में देह व्यापार की शिकायत भी आती रहती है जो कि आम बात हो गई है। कुछ महीने पहले सूर्या मॉल में एसेंस स्पा पार्लर में छापा भी पड़ा था।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ग्रेमढी, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है